# अर्थशास्त्र विभाग

**अर्थशास्त्र अध्ययन मंडल की बैठक**–प्रतिवर्ष की भांति इस सत्र भी 13 अगस्त, 2021 को अर्थशास्त्र अध्ययन मंडल की बैठक आयोजित की गई, बैठक में स्नातकोत्तर के सेमेस्टर पाठ्यक्रम में मामूली परिवर्तन किया गया और शेष पाठ्यक्रम को यथावत रखा गया। स्नातक स्तर के पाठयक्रम को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम के अनुरूप ही रखा गया हैं।

इस बैठक मे विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. शिखा अग्रवाल, विभागाध्यक्ष व्ही. वाय. टी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग डॉ. संतोष जैन विभाग अध्यक्ष कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई, कार्य में सम्मिलित हुए। डॉ. के.के. बिंदल विभागाध्यक्ष शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर से बैठक में ऑन लाइन उपस्थित हुए।

**अर्थशास्त्र की विभागीय बैठक**– 31 अगस्त, 2021 को अर्थशास्त्र विभाग में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. डी.पी. कुर्रे की अध्यक्षता में विभागीय बैठक आयोजित हुई, जिसमें 2021–22 के लिए सेमेस्टर कक्षाओं के पाठ्यक्रमों को मामूली बदलाव के साथ यथावत रखने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में सत्र में आयोजित होने वाली शैक्षिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों की रूपरेखा बनाई गई। इस के अलावा सेमेस्टर परीक्षा के पूर्व की आंतरिक मूल्यांकन की परीक्षा लेने एवं पाठ्यक्रम पूर्ण करने पर चर्चा की गई। इस बैठक मे डॉ. सुमिता श्रीवास्तव, डॉ. महेश श्रीवास्तव, डॉ. मीना प्रसाद उपस्थित थे।

**अतिथि व्याख्यान :** 23 फरवरी, 2022 को अतिथि डॉ. दिनेश कुमार मस्ता, सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय रायपुर द्वारा केन्द्रीय बजट 2022–2023 एक समीक्षा के विषय पर पावर पॉईन्ट प्रेजेन्टेशन से व्याख्यान दिया गया।

**शोध गतिविधियाँ** – सत्र 2021–22 में अर्थशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुमिता श्रीवास्तव को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के द्वारा शोध निर्देशक नियुक्त किया गया है। अर्थशास्त्र विभाग में अब 03 शोध निर्देशक हो गए हैं। विभाग के सहायक अध्यापक डॉ. महेश श्रीवास्तव ने शासकीय महाविद्यालय पाली–पाली राजस्थान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में बतौर रिसोर्स पर्सन उपस्थित हुए।

**पीएचडी कोर्सवर्क की कक्षाएं**–विश्वविद्यालय के समय ऑनलाइन सारणी के अनुरूप कोर्स की कक्षाएं आरंभ हुई। इसमें 02 शोधार्थी सम्मिलित हुए।

**शिक्षा विस्तार कार्यक्रम**– 11 मार्च 2022 को विभागाध्यक्ष डॉ. डी.पी. कुर्रे के नेतृत्व मे ग्राम मोहड़ में विस्तार गतिविधि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमे एम.ए. के विद्यार्थियो नें शासकीय पूव माध्यमिक विद्यालय मोहड़ के विद्यार्थियों ने कक्षा–छठवी, सातवीं एवं आठवीं की कक्षा में जाकर शैक्षणिक जागरूकता के महत्व उपयोगिता को रोचक ढंग से अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक एवं मोहड़ के पार्षद श्री संजय निर्मलकर एव मिडिल स्कूल के सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner

**अर्थशास्त्र परिषद का गठन**–विभाग में 22 मार्च 2022 को प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर की अध्यक्षता एवं डॉ. चन्द्रिका नाथवानी के मुख्य आतिथ्य में अर्थशास्त्र परिषद का गठन किया गया, जिसमें एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के कुमारी काजल साहू तथा कुमारी हिमशिखा साहू क्रमशः अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत हुए। वहीं एम. ए. द्वितीय सेमेस्टर के कुमारी भूमिका बांगरे तथा सागर सोनी क्रमशः सचिव तथा सहसचिव के रूप में मनोनीत किए गए। इस के पश्चात् रिसर्च मेथोडॉलाजी में व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

**एल्युमिनी बैठक**–विभाग द्वारा 24 मार्च 2022 को भूत पूर्व छात्र–छात्राओं की एक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक मे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर भी उपस्थित रहे। इस एल्युमिनी बैठक में कुल 18 विद्यार्थी उपस्थित हुए और अपने अनुभव को साझा करते हुए अपने सुझाव दिए। बैठक मे भूतपूर्व छात्रो मे करण साहू, सत्यप्रकाश, मोनिका साहू, दीक्षा कौशिक, सोनम पाल, दामिनी साहू, कविता साहू, रेणुका यादव, जितेन्द्र कोराम, नेहरू कंवर, भुनेश्वर साखेर, प्रियंका वर्मा, संगीता सिन्हा, शेष लाल साहू तथा गणेशी और लक्ष्मी भण्डारी उपस्थित हुए।

**शिक्षक अभिभावक सम्मेलन**– 26 मार्च 2022 को शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित की गई, जिसमें 15 छात्र छात्राओं के अभिभावक उपस्थित हुए। इस बैठक में 5 छात्रों के अभिभावक ऑनलाइन के माध्यम से उपस्थित रहे। इस बैठक में पठन–पाठन, विभाग में मूलभूत सुविधाएं, लाइब्रेरी अनुशासन व्यवस्था तथा सेमेस्टर परीक्षा की मौजूदा यवस्था पर भी अभिभावक गण अपना संतोष व्यक्त किए। कई अभिभावकों ने पठन–पाठन पर अपने अमूल्य सुझाव भी दिए।

**मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम**–अर्थशास्त्र विभाग एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 03 मार्च 2022 से 29 मार्च 2022 तक 20 दिवसीय मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया है। पाठ्यक्रम का विषय बीमा क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं इस पाठ्यक्रम में एम.ए. अर्थशास्त्र तथा एम.कॉम. के 88 विद्यार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। इस पाठ्यक्रम का उद्घाटन श्री प्रशांत श्रीवास्तव, वरिष्ठ विकास अधिकारी, भारतीय जीवन बीमा निगम, राजनांदगांव के मुख्य अतिथि मे संपत्र हुआ। 20 दिवसीय आयोजन में बाह्य विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री शाजी जॉर्ज, वरिष्ठ विकास अधिकारी, भारतीय जीवन बीमा निगम, राजनांदगांव, श्री उमेश हथेला, विकास अभिकर्ता, भारती जीवन बीमा निगम, डोंगरगढ़, श्री पुनाराम सिन्हा, चिचोला डोंगरगढ़ उपस्थित हुए। पाठ्यक्रम का समापन समारोह 29 मार्च 2022 को संपन्न हुआ।

.................

Scanned with OKEN Scanner